Satish Chandra Memorial School

Case study
Hindi (2nd Language)
Class - VI

नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्पों के उत्तर दीजिए ।

राजकीय सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय लाजपत नगर, नई दिल्ली की फुटबॉल टीम से हमारा मुकाबला ही सपना की तरह साकार हुआ । फुटबॉल में हमारी टीम ने अपने पुल की सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया । मैच प्रातः काल आठ बजकर तीस मिनट पर आरंभ हुआ । दोनों स्कूलों की टीम के कप्तान केंद्र में पहुंच गए । टॉस हुआ और फील्ड साइड के निर्धारण के बाद मैच प्रारंभ हुआ । प्रारंभ में राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी हावी जरूर रहे किंतु कुछ ही देर में एक गलत प्रयास के कारण हमारी टीम के पक्ष में पेनल्टी कॉर्नर मिल गया । हमारी टीम में गुरमीत पेनल्टी कॉर्नर का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है, उसने बॉल को गोल की तरफ हिट कर दिया और इस प्रकार हमारी टीम एक - शून्य से आगे हो गई । मध्यांतर तक प्रयास के बाद भी राजकीय महाविद्यालय की टीम गोल को बराबर नहीं कर सकी और रैफरी ने मध्यांतर की सीटी बजा दी । हम सभी लोग काफी खुश थे । हम एक-शून्य से आगे थे । अब आगे इस बढ़त को बनाए रखना था । यही बात हमारे कोच श्री आशुतोष भी हमें समझ रहे थे । एक स्थिति यह भी आई की राजकीय महाविद्यालय को हमारे विरुद्ध पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, लेकिन हमारे गोलकीपर विनय आनंद की सतर्कता और सूझ-बूझ से उनका यह वार खाली गया । खेल कुछ देर और चला । राजकीय महाविद्यालय ने अंतिम समय तक बराबरी का प्रयास किया, पर रैफरी की अंतिम सीटी ने हमारी विजय की घोषणा कर दी । हमारे विद्यालय के लिए यह पहला अवसर था, जब हमारी टीम फाइनल में पहुंची और विजेता बनी । सच ही है, पहली जीत का मजा ही अनोखा होता है ।

I) फुटबॉल मैच कब प्रारंभ हुआ था ?
क) नौ बजकर दस मिनट पर
ख) आठ बजकर दस मिनट पर
ग) आठ बजकर तीस मिनट पर
घ) नौ बजकर तीस मिनट पर

II) प्रारंभिक खेल में किस महाविद्यालय के खिलाड़ी हावी रहे ?
क) केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ी
ख) राजकीय विद्यालय के खिलाड़ी
ग) नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी
घ) राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी

III) श्री आशुतोष कौन थे ?
क) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे
ख) कोच थे
ग) विद्यालय के प्रधानाचार्य
घ) विद्यालय के अध्यापक

IV) दोनों स्कूलों की टीम के कप्तान केंद्र में क्यों पहुंच गए ?
क) क्योंकि वे बात करना चाहते थे।
ख) क्योंकि वे टॉस करना चाहते थे।
ग) क्योंकि वे खेलने के नियम जानना चाहते थे।
घ) क्योंकि दोनों को रैफरी ने बुलाया था।
V) पेनल्टी कॉर्नर का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कौन था ?
क) गुरमीत
ख) विजय आनंद
ग) आशुतोष
घ) इनमें से कोई भी नहीं।